गैलेक्सी उच्च माध्यामिक विद्यालय, बी.जे.एस जोधपुर के विद्यार्थियों का आफरी भ्रमण

गैलेक्सी उच्च माध्यामिक विद्यालय, बी.जे.एस जोधपुर के कक्षा 12वीं के 30 छात्र-छात्राओं ने दिनांक 26.08.2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आफरी की वैज्ञानिक श्रीमती भावना शर्मा ने आफरी का परिचय देते हुए संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यो से अवगत करवाया। इस दौरान विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण करने एवं अधिकाधिक पौध रोपण पर उनका संरक्षण करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में श्री रतना राम लोहरा, अनुसंधान सहायक-प्रथम ने शहरी वानिकी का महत्व बताते हुए शुष्क क्षेत्रों में पाये जाने वाले स्थानीय वृक्षों एवं उनके महत्व तथा शहरी वानिकी हेतु उपयुक्त पादपों के बारे में भी विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को आफरी की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण भी कराया गया। विद्यार्थियों को टिश्यूकल्चर प्रयोगशाला का भ्रमण कराकर पौधों को तैयार करने की तकनीक बताई गई। संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर इन विद्यार्थियों ने विभिन्न दृश्य माध्यमों से प्रदर्शित विभिन्न सूचनाओं से शुष्क क्षेत्र की वनस्पति एवं संस्थान की शोधपरक तकनीक की जानकारी ली। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का प्रत्युत्तर भी दिया गया। गैलेक्सी उच्च माध्यामिक विद्यालय, बी.जे.एस जोधपुर की तरफ से श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी आफरी के बारे में उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त की।

विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र